हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 21 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 22.6 डिग्री
न्यूनतम 15.5 डिग्री

10 शहर में आफत बने गोवंशों पर नकेल कसने की तैयारी, नप ने फर्म को जारी किया वर्क ऑर्डर



12 पहले दिन निकली हेल्पलाइन नंबर की हवा, कुकिंग गैस की कालाबाजारी बढ़ी




AMANGANI
REWARI

ULM
URBAN LAND MANAGEMENT
ON THE HORIZON, ALWAYS.

मैं अमनगनी हूँ,
मुझे बनाने वालों ने मुझ में प्राण डाले हैं।
जिस के कारण मैं एक ज़िन्दा ऊर्जा से परिपूर्ण हूँ।
जीवन में प्रगति के लिए, जीवन में सफलता के लिए,
सुख शांति के लिए व अच्छे निवेश के लिए,
दिव्य वातावरण, सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण।
अमनगनी में 500 परिवार रह रहे हैं, आप उनसे
मिलें और जानें सत्य को। रहने वाले कहते हैं ...
"ऐसा घर ओर कहीं नहीं"।

AMANGANI
REWARI

3 BHK & 4 BHK
LUXURY HOMES

देखेंगे तो जानेंगे,
अमनगनी से बेहतर कुछ नहीं!



HRERA REG: HRERA-PKL-RWR-73-2019

For more information please call : +91 8222 018 402

ULM
URBAN LAND MANAGEMENT
ON THE HORIZON, ALWAYS.

Garhi Bolni Road, Sector-25, Rewari-123401, Haryana
Tel: +91 1274-260955/260235 I M : +91 8222018402 I info@ulmgroup.in I www.ulmgroup.in

Disclaimer: Conditions apply All buildings information's specifications etc are tentative and subject to variation and modification by the company or the competent authorities sanctioning such plans Photogaphs/images used are only artistic impressions (not a legal offering). License No. : 116 of 2008 dated 31.5.2008 dated 31.5.2008. Residential Group Housing Colony, Licensee: Bhakti Building, club House, Developer: Urban Land Management Private Limited, Building Plan Approval no. ZP-467/JD(BS)/2012/8981 dated 23.5.2012, provision for community building, club House, Nursery School and religious building and area for convenient shopping. Copies of approvals can be seen with prior intimation at our site.

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। गत 16 मार्च को हुए हादसे में एक व्यक्ति ट्राले की चपेट में आकर घायल हो गया था।। धारूहेड़ा पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद वाहन चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में यूपी के हुलुकी मढ़ी निवासी सोनपाल को गिरफ्तार कर लिया। खोल थाना पुलिस ने 15 मार्च को हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में लुहाना निवासी प्रवीन को गिरफ्तार किया है। उसकी बाइक भी कब्जे में ली गई है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### कोर्ट से घोषित किया पीओ चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। अदालत में चल रहे मामले में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण चिराहड़ा निवासी रमेश को पीओ घोषित किया गया था। कोर्ट ने बावल थाना पुलिस को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 19 मार्च को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश करने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### चोरी के दो आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**रेवाड़ी।** पुलिस ने चोरी के मामलों में दो आरोपियों को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। चोरी के मामले में पुलिस ने गुरुग्राम के नानू कलां निवासी सुमित को गिरफ्तार किया था। बाद में उसे कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया था। अब आरोपी को सदर पुलिस ने दो अन्य मामलों में पूछताछ के लिए प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। सीआईए कोसली ने महेंद्रगढ़ के पड़तल में रह रहे झज्जर के बहू निवासी अजीत को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। वह राजस्थान में गुलेल गैंग के नाम से विख्यात गिरोह का सदस्य है।

### टाटा पंच कार सहित चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हुए कार चालक को गिरफ्तार किया है। पाल्हावास के पास हुए हादसे में कार की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। चालक कार सहित फरार होने में कामयाब हो गया था। रोहड़ाई पुलिस ने 16 मार्च को केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में काकोड़िया निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी टाटा पंच कार भी पुलिस ने कब्जे में ले ली। उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### सट्टा खाईवाली करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि हंस नगर निवासी भीमसिंह नेहरू पार्क के पास सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बोगस ग्राहक बनाकर उसके पास भेज दिया। जैसे ही उसने पेसे लेकर सट्टे का नंबर लगाया, पुलिस ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया। उसके कब्जे से सट्टे की 1550 रुपये राशि बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

### पुलिस ने किया बाइक चोरी का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने शिव चौक के पास बाइक चोरी होने का केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में बिठवाना निवासी ओमपाल ने बताया कि वह 17 मार्च को बाइक लेकर शिव चौक के पास आया था। बाइक खड़ी करने के बाद वह अपने काम में व्यस्त हो गया। कुछ समय बाद जब वह वापस आया तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू कर दी।

---

*सड़कों पर घूमने वाली ज्यादातर गाएं पशुपालकों की, दर्जनों लोगों को शिकार बना चुके गोवंश*

# शहर में आफत बने गोवंशों पर नकेल कसने की तैयारी, नप ने फर्म को जारी किया वर्क ऑर्डर

**नगर परिषद की ओर से गोवंश को पकड़कर गोशालाओं में भेजने के लिए एक साल के लिए करीब 36 लाख रुपये का टेंडर किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

शहर की सड़कों पर गोवंश की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बेसहारा से ज्यादा पशुपालकों की गाएं सड़कों पर घूमती रहती हैं। कोई भी सड़क, चौराहा, बाजार, कॉलोनी व मोहल्ला ऐसा नहीं बचा है, जहां गायों का जमावड़ा न हो। ये गोवंश पिछले दिनों एक महिला की जान ले चुके है और काफी लोगों को घायल करके अस्पताल पहुंचा चुके है। शहर की सड़कों पर घूमते गोवंश से लोगों को निजात दिलाने के लिए आखिरकार नगर परिषद की ओर से टेंडर करने के बाद फर्म को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है। नगर परिषद की ओर से गोवंश को पकड़कर गोशालाओं में भेजने के लिए एक साल के लिए करीब 36 लाख रुपये का टेंडर किया गया है। नप अधिकारियों के अनुसार शहर से करीब 2000 गोवंश पकड़े जाएंगे। नगर परिषद की ओर से एक गाय पकड़ने 2000 रुपये, सांड के लिए 1980 व एक बछड़े को पकड़ने के लिए 1680 रुपये निर्धारित किए गए है। गोवंश के हमला करने से लोगों में काफी रोष है। शहरवासी लंबे समय से सड़क पर घूमते गोवंश को पकड़ने की मांग कर रहे थे।



बावल रोड पर खड़े हुए गोवंश



रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर लियो चौक के पास गोवंश का जमावड़ा। फोटो : हरिभूमि

**सड़कों पर हर तरफ गोवंश का जमावड़ा**

शहर में सड़कों पर सैकड़ों गोवंश का कब्जा रहता है। पशुओं की संख्या सर्वाधिक अनाजमंडी, सब्जीमंडी व महाराणा प्रताप चौक पर रहती है। सरकुलर रोड पर जगह-जगह गोवंश का दिनभर जमावड़ा लगा रहता है। गोवंश सड़क पर बैठकर आराम फरमाते हैं। गोवंश के कारण वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं सड़क हादसों की आशंका भी बनी रहती है। ब्रास मार्केट स्थित कचरा डंपिग स्टेशन, लियो चौक स्थित एमआरएफ सेंटर, अग्रसेन चौक व राजीव चौक सहित कचरा प्वाइंट पर हर समय गोवंश का जमावड़ा लगा रहता है।



रेवाड़ी। महाराणा प्रताप चौक के पा रास्ता रोके खड़ा नंदी फोटो : हरिभूमि

**वर्क ऑर्डर किया जारी**



शहर की सड़कों से गोवंश पकड़ने के लिए टेंडर करने के बाद फर्म को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। फर्म की ओर से जल्द ही गोवंश पकड़ने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। शहर से करीब दो हजार पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में छोड़ा जाएगा।

-अंकित वशिष्ठ, एक्सईएन नगर परिषद।

**कई लोगों पर हो चुके गोवंश के हमले**

शहर में गोवंश के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पिछले दिनों गाय के हमले से भाड़ावास रोड स्थित एक महिला की मौत हो चुकी है। करीब चार साल पहले दो सांडों की लड़ाई में एक फोटोग्राफर की मौत हो गई थी। सड़कों पर घूमते गोवंश आक्रमक होकर ने कुतुबपुर, नई बस्ती, शक्ति नगर, सेक्टर-4 व हाल ही में शॉपिंग माल के व्यक्ति पर हमला कर चुके है। गोवंश ने नया गांव में गली से गुजर रहे एक बुजुर्ग पर भी हमला कर दिया था। शहर के आउटर बाइपास पर अचानक साड़ के आगे आने से कार डिवाइडर पर भी चढ़ गई थी।

**शहर का दर्द बढ़ा रहे पशुपालक**

शहर की सड़कों पर घूमती गाएं ज्यादातर पशुपालकों की है। जिनको दूध दोहने के बाद सड़कों पर खुला ही छोड़ दिया जाता है। नगर परिषद की ओर से गायों का पकड़ने का ठेका लेने वाली एजेंसियों के कर्मचारी भी बिना दूध देने वाली बेसहारा गायों को पकड़ने तक सीमित रहते हैं। जब भी कर्मचारी किसी दुधारू गाय को पकड़कर गोशाला भेजने का प्रयास करते हैं, तो गाय मालिक आकर विरोध कर देते हैं। अधिकारी ऐसे पशुपालकों पर नकेल डालने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे, जो शहर के लोगों का दर्द बढ़ा रहे हैं।

---

# बुनियाद परीक्षा क्वालीफाई करने वाले बीकानेर स्कूल के विद्यार्थी हुए सम्मानित



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बुनियाद परीक्षा क्वालीफाई करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि बुनियाद कार्यक्रम का उद्देश्य हरियाणा के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आधार मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है।

**उज्ज्वल भविष्य की कामना की**

उन्होंने इस उपलब्धि के लिए गणित अध्यापिका पूनम देवी के योगदान की सराहना की। बुनियाद परीक्षा में पूर्ति, संजना, इशिका, भावना, किशन कुमार, दक्ष, हिमेश, मयंक, निकुंज, गौरव और हिमांशु ने सफलता हासिल की और विद्यालय ने जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया। गणित अध्यापिका ने विद्यार्थियों को लेखनी भेंट करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ से प्रवक्ता सत्ते सिंह, सोमबीर यादव, मीनाक्षी चुग, विक्टोरिया, पुनीता सैनी, रविंद्र कुमार, मुकेश कुमार, नरेंद्र सिंह, हरिता शर्मा, मंजुलता व प्रिया मौजूद थे।

# 83.77 लाख से जगमग होगा कोसली आरओबी

■ राशि स्वीकृत होकर बीएंडआर के पास आ चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

शुक्रवार को अनाज मंडी में आयोजित समाधान शिविर में विधायक अनिल यादव ने कहा कि कोसली में नाहड़-साल्हावास आरओबी को जगमग करने के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से 83 लाख 77 हजार की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान विधानसभा में कोसली रेलवे लाइन पर बनने वाले अंडरपास, कोसली के अधूरे पड़े बाइपास, आईएमटी का काम आगे बढ़ाने और पानी निकासी का प्रबंध किए जाने जैसे मुद्दों को उठाया गया।



रेवाड़ी। विधायक अनिल यादव आमजन की समस्याएं सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

**धायक का आभार व्यक्त किया**

*विधायक अनिल यादव ने कहा कि कोसली आरओबी से हजारों वाहन रोजाना गुजरते हैं। इस पुल पर रोशनी का प्रबंध करने के लिए 83 लाख 77 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। यह राशि स्वीकृत होकर बीएंडआर के पास आ चुकी है। उन्होंने आम जनता की शिकायतों को सुना और मौके पर ही विभागीय कर्मचारियों व अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएसपी विद्यानंद, मार्केट कमेटी के चेयरमैन महेश यादव, चेयरमैन कपिल यादव, जिला पार्षद शारदा यादव व वाइस चेयरमैन दिनेश गोयल सहित विभिन्न गांवों के पंच व सरपंच मौजूद थे। इस मौके पर लिलोढ एवं सुधराना गांव के ग्रामीणों ने लिलोढ से गुरुग्राम के लिए सीधी बस सेवा शुरू कराने के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।*

---

# बारिश व ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान का किया मुआयना



रेवाड़ी। खेत में बिछी गेहूं की फसल का मुआयना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। खोरी

जिला प्रमुख मनोज यादव ने शुक्रवार को क्षेत्र के अनेक गांवों में तूफानी बारिश और ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान का मुआयना किया। इस मौके पर जिला प्रमुख ने कहा इस प्राकृतिक आपदा के समय सरकार किसानों के साथ खड़ी है। जिला प्रमुख ने कहा कि आपदा को लेकर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और कैबिनेट मंत्री आरती राव को सूचना दे दी गई है। उन्होंने किसानों की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। जिला प्रमुख मनोज यादव ने सरकार से विशेष गिरदावरी कराकर खराब फसलों का उचित मुआवजा देने की अपील की है। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि बलजोर यादव, रामकरण सरपंच, महेश सरपंच, बलवंत यादव, नीरज यादव, राजीव यादव, राजेश, मनोज, महिपाल, महेंद, सोमा देवी व मिश्रों देवी सहित अनेक लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा करते हुए एसडीएम विजय कुमार यादव। फोटो : हरिभूमि

# किसी भी विभाग में एक सप्ताह से अधिक समय तक शिकायत न रहे लंबित: एसडीएम

■ 130 शिकायतें समाधान शिविर में मिली हैं जिनमें से 102 का निपटारा कर दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली

कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने अधिकारियों निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी विभाग में एक सप्ताह से अधिक समय तक कोई शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में समाधान शिविर में आई शिकायतों की गहनता से समीक्षा की जाती है। एसडीएम शुक्रवार को समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोसली उपमंडल में अभी तक 130 शिकायतें समाधान शिविर में मिली हैं, जिनमें से 102 का निपटारा कर दिया गया है। 20 शिकायतें विभिन्न विभागों में लंबित हैं और 8 शिकायतों को शिकायतकर्ता की संतुष्टि न होने के कारण री-ओपन किया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग प्रत्येक शिकायत पर अपना जवाब जरूर भिजवाए। इस अवसर पर डीएसपी विद्यानंद, बीडीपीओ अनिल कुमार, बिजली विभाग के एसडीओ सुमित कुमार, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ अनिल कुमार, बीएंडआर के एसडीओ वीरेंद्र सिंह, राजेश कुमार, रणधीर सिंह, रामभतेरी व दल सिंह आर्य मौजूद थे।

# दो माह पहले पत्नी की पिटाई अब आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

चिमनावास में बीते जनवरी माह में पत्नी को बेरहमी से पीटकर अस्पताल पहुंचाने वाले पति के खिलाफ थाना खोल पुलिस ने केस दर्ज किया। पुलिस आरोपी पति की तलाश कर रही है। एफआईआर में देरी का कारण अस्पताल से समय पर मेडिगो रिपोर्ट नहीं मिलना बताया जा रहा है।

पुलिस शिकायत में चिमनावास निवासी महिला कमल देवी ने बताया कि वह घर में सिलाई का कार्य करती है। उसके दो बेटे हैं। पति सत्यनारायण रंग-पेंट का कार्य करता है। सास-ससुर उसके मकान के सामने ही दूसरे मकान में रहते हैं। उसके पति ने गत 19 जनवरी की शाम को खाना खाने को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया। जब उसने विरोध किया तो उसके पति ने उसे निर्ममता से पीटना शुरू कर दिया। उसके बड़े बेटे ने बचाव किया तो वह घर से बाहर आंगन में आ गई। वहां भी उसके पति ने उसके साथ जमकर मारपीट की। पड़ोस के लोगों ने आकर बचाव किया। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली उसकी बहन ने उसे छुड़वाकर अस्पताल पहुंचाया। गंभीर चोटें होने के कारण उसे पीजीआई रोहतक रोहतक रेफर कर दिया गया।

**पहले भी कई बार कर चुका मारपीट**

*कमल ने आरोप लगाया कि सत्यनारायण पहले भी कई बार उसके साथ मारपीट कर चुका है। उसकी शादी लगभग 8 साल पहले हुई थी। मारपीट के चलते उसके मायके के बहरोड़ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। उस समय गलती स्वीकार करते हुए सत्यनारायण ने भविष्य में ऐसा नहीं करने की बात कही थी। दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। पुलिस ने महिला की शिकायत के बाद केस दर्ज कर लिया। आरोपी पति को जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।*

---

**बारा हजारी दुर्गा माता मंदिर सहित कई मंदिरों में भजन-कीर्तन पर झूमे भक्तजन**

# नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन शहर के मंदिरों में मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की विधि विधान से पूजा की गई। नवरात्र पर धार्मिक संस्थाओं तथा मंदिर कमेटियों की ओर से मंदिरों में सत्संग व अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। शहर के बारा हजारी दुर्गा मंदिर, नई बस्ती मंसा देवी मंदिर, बड़ा तालाब मंसा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी कालीमाता मंदिर व बारा पत्थर कालीमाता मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। शुक्रवार को महिला मंडल की ओर से बारा हजारी स्थित दुर्गा मंदिर में मां भगवती का भजन-कीर्तन का आयोजन किया। बड़ा तालाब स्थित मंसा माता मंदिर में भी संकीर्तन का आयोजन किया गया। 26 मार्च को दुर्गा अष्टमी पर बारा हजारी दुर्गा माता मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा नवमी पर कंजिकाओं के पूजन के बाद हवन किया जाएगा।





रेवाड़ी। बारा हजारी दुर्गा मंदिर में सती माता की प्रतिमा, आकर्षक लाइटों से जगमग बड़ा तालाब स्थित मंसा माता मंदिर।

**आज मां चंद्रघंटा की होगी उपासना**

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति चन्द्रघंटा के नाम से जानी जाती है, नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन किया जाता है। शनिवार को श्रृद्धालु मां चंद्रघंटा की उपासना करेंगे। मां का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। मां के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचन्द्र है, इसी कारण इन्हें चन्द्रघंटा देवी कहा जाता है, माता के शरीर का अंग स्वर्ण के समान चमकीला है, मां चंद्रघंटा के 10 हाथ है, जिनमें अस्त्र- शस्त्र विभूषित हैं। मुद्रा सदैव युद्ध के लिए उद्धत रहती है। मां चन्द्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं नष्ट हो जाती हैं। मां के घंटे की ध्वनि सदा अपने भक्तों की प्रेत बाधा से भी रक्षा करती है। दुष्टों का दमन और विनाश करने में सदैव तत्पर रहने के बाद भी इनका स्वरूप दर्शक और उपासक के लिए अत्यंत सौम्यता एवं शांति से परिपूर्ण रहता है। मां चन्द्रघंटा के भक्त व उपासक जहां भी जाते हैं, लोग उन्हें देखकर शांति और सुख का अनुभव करते हैं।

### सीहा की सोनम को मिला सर्वोत्तम माता पुरस्कार

**कुंड।** शुक्रवार को खोल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से सर्वोत्तम माता पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। खंड खोल महिला एवं बाल विकास अधिकारी कमलेश की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेडिकल ऑफिसर डा.उमा यादव थी। एएनएच ममता यादव, सुपरवाइजर स्नेह, कविता, संगीता, सुशीला, प्रियंका, मनीषा व एकता भी मौजूद रही। सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता में सोनम सीहा प्रथम, भतेरी ढाणी सातों दूसरे और धोली खोल तीसरे स्थान पर रही। इस मौके पर डा. उमा यादव ने कहा कि सभी माताओं को अपने नवजात बच्चों की अच्छी देखभाल करनी चाहिए। विशेष तौर पर उनके आहार व स्तनपान की देखरेख अच्छी होनी चाहिए। गर्भावस्था का पता चलते ही महिला को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पंजीकरण कराना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमले में 2 और आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** नांगल चौधरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव दोस्तपुर में अवैध खनन व पेड़ों की कटाई का विरोध करने पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व पुलिस एक आरोपित विनय कुमार को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपितों की पहचान साहिल व अजय निवासी दोस्तपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने इन आरोपितों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा, एक मोबाइल फोन व एक मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### 22 को मनाया जाएगा विश्व जल दिवस

**नारनौल।** 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाएगा। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को पानी की महत्ता समझाना और जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। हरियाणा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विजय चौधरी ने बताया कि साल 2026 के लिए इस बार का मुख्य विषय जल व जेंडर रखा गया है। इसका मतलब है कि पानी के सही प्रबंधन और इसे बचाने के फैसलों में महिलाओं तथा बेटियों की भूमिका को बढ़ाना बहुत जरूरी है।

### पूर्व विधायक जावली का स्मृति समारोह 5 को

**नारनौल।** पांच अप्रैल को अलवर जिला के गांव कोठी नारायणपुर जिरावली में मनाए जा रहे पूर्व विधायक ठाकुर रघुबीर सिंह जावली राष्ट्रीय स्मृति समारोह में जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। महासभा जिला प्रधान सूबेदार मेजर मदन सिंह तंवर ने बताया कि स्मृति समारोह के मुख्य अतिथि विधायक देवीसिंह शेखावत बानसूर, हरियाणा के प्रमुख समाजसेवी ठाकुर अतरलाल एडवोकेट, पूर्व शाहपुरा रियासत की रानी साहिबा रत्ना कुमारी व विक्रम सिंह बनेठी होंगे।

### देशी पिस्तौल के साथ किया आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध हथियार के साथ एक आरोपित को पकड़ा है। सीआईए ने कार्रवाई करते हुए गांव सेका के पास स्थित 148 बी हाईवे अंडरपास के नजदीक से एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सोनू निवासी गांव सेका थाना सदर के रूप में हुई है। पुलिस टीम जब गांव कोजिंदा स्कूल के पास गश्त पर तैनात थी, तभी गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक अवैध हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है।

### अटेली में बारिश से बढ़ी किसानों की चिंता

**मंडी अटेली।** क्षेत्र में अचानक बदले मौसम व पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले दो दिनों से हुई बारिश व तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिरने लगी है। इस समय गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन बारिश और हवा के चलते फसल जमीन पर बिछने से किसानों को भारी नुकसान की आशंका सताने लगी है। कई गांवों में जलभराव की स्थिति बनने से समस्या और गंभीर हो गई है।

### विधायक बोले, जिले में जल्द शुरू होगा परियोजनाओं का निर्माण कार्य

# बजट सत्र में रेवाड़ी को मिली एक दर्जन से अधिक योजनाओं की सौगात

**32.327 करोड़ में बनेगा दिल्ली-रेवाड़ी-बावल तक नमो मेट्रो कॉरिडोर**



रेवाड़ी। पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए विधायक लक्ष्मण यादव। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि बजट सत्र में इस बार रेवाड़ी विधानसभा को ऐतिहासिक सौगातें मिली है। क्षेत्र की विभिन्न लंबित मांगों की विधानसभा में पैरवी करने पर अनेक मांगों को पूरा किए जाने की हरी झंडी मिल गई है। विधायक शुक्रवार को जिमखाना क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपना कुनबा भी नहीं संभाल पा रही है और सपने देश व प्रदेश को संभालने की देख रही है। विधायक ने बताया कि इस बजट में दिल्ली-रेवाड़ी-बावल तक नमो मेट्रो कॉरिडोर बनाने को अंतिम रूप दिया गया, जिसकी लागत 32.327 करोड़ होगी। प्रदेश के अनेक जिलों को मिलाकर 8 हजार ईडब्ल्यूएस फ्लैट बनाए जाएंगे, जिसमें रेवाड़ी को विशेष रूप से शामिल किया जाएगा। जिले में नया अग्निशमन केंद्र भी बनाया जाएगा। नागरिक अस्पताल को 200 बेड से अपग्रेड कर 300 बेड का किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण बाइपास पर रोहतक-दिल्ली-दिल्ली-झज्जर रेलवे लाइन पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण 207 करोड़ की लागत से कराया जाएगा। इसके अलावा धारूहेड़ा पीएचसी को भी अपग्रेड किया जाएगा।

#### 300 करोड़ की लागत से बनेगा दुग्ध प्लांट

विधायक लक्ष्मण यादव ने बताया कि जिले में 300 करोड़ की लागत से नया बड़ा दुग्ध प्लांट बनाया जाएगा। जिला जेल में नए पेट्रोल पंप को भी हरी झंडी दी गई है। साथ ही जिले में नए आयुष औषधालय भी खोले जाएंगे। जिले में आईएमटी बनाने की भी घोषणा की गई है। हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी व मानेसर में इंडस्ट्रियल सेक्ट्रेट के निर्माण की भी घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि शहर के पीने के पानी की आपूर्ति के लिए अतिरिक्त वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण भी कराया जाएगा तथा जिला पुस्तकालय का निर्माण भी जल्द पूरा होगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की बड़ी ग्राम पंचायत आंकेड़ा व घटाल महनियावास को संयुक्त कर महाग्राम बनाने की भी घोषणा की गई है। साथ ही जिले में 12.27 करोड़ की लागत से कृषि सदन का निर्माण कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे पूरी गंभीरता के साथ प्रत्येक समस्या के समाधान को लेकर मेहनत के साथ जुटे हुए हैं। उन्होंने शहर की जनता से स्वच्छता को लेकर चलाई जा रही मुहिम में सहयोग करते हुए अपने शहर को साफ एवं सुंदर बनाने का भी आह्वान किया। इस मौके पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन अनिल सैनी, कमल निंबल, सत्यदेव यादव, दीपक मंगला, भूपेन्द्र गुप्ता, अजय कांटीवाल, समीर कालड़ा, अमित यादव, यशवंत भारद्वाज, डीएम यादव व बिजेंद्र डहीना मौजूद थे।

## वाई-फाई के जरिए हो रही साइबर ठगी: एसपी

- हैकर नकली नेटवर्क बनाकर बना रहे शिकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि वर्तमान में साइबर अपराधी नई-नई तकनीकों का इस्तेमाल कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। इनमें से एक प्रमुख तरीका फर्जी वाई-फाई नेटवर्क भी है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों की निजी जानकारी चुराकर आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी पहले किसी लोकप्रिय या सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क जैसे होटल, कैफे व रेलवे स्टेशन को निशाना बनाते हैं। हैकर असली वाई-फाई नेटवर्क पर बार-बार रिक्वेस्ट या तकनीकी अटैक कर उसे धीमा या अस्थाई रूप से बंद कर देते हैं। इसके बाद वे उसी नाम से एक फर्जी वाई-फाई नेटवर्क तैयार कर लेते हैं, जो देखने में बिल्कुल असली जैसा प्रतीत होता है। जैसे ही कोई यूजर उस नकली वाई-फाई नेटवर्क से कनेक्ट होता है, उसका इंटरनेट ट्रैफिक हैकर के कंट्रोल में चला जाता है। इस दौरान साइबर अपराधी यूजर के मोबाइल या लैपटॉप में दर्ज संवेदनशील जानकारी जैसे बैंकिंग डिटेल, यूजरनेम, पासवर्ड, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट, यहां तक कि ओटीपी तक हासिल कर लेते हैं।

#### ठगी से ऐसे करें बचाव

केवल विश्वसनीय और पासवर्ड से सुरक्षित वाई-फाई नेटवर्क का ही उपयोग करें। यदि किसी स्थान पर एक ही नाम के कई वाई-फाई नेटवर्क दिखाई दें, तो बिना पुष्टि किए किसी से भी कनेक्ट न हों। अपने मोबाइल या लैपटॉप में ऑटो कनेक्ट विकल्प को बंद रखें, ताकि डिवाइस अपने आप किसी अनजान नेटवर्क से न जुड़े। पब्लिक वाई-फाई का उपयोग करते समय बैंकिंग, ऑनलाइन पेमेंट या अन्य संवेदनशील कार्य करने से बचें। किसी भी वेबसाइट पर लॉगिन करते समय यह सुनिश्चित करें कि वह एचटीटीपीएस से सुरक्षित हो। अपने डिवाइस में एंटीवायरस, फायरवॉल तथा सिक्योरिटी अपडेट्स को हमेशा सक्रिय रखें। समय-समय पर अपने पासवर्ड बदलते रहें और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें।

#### इन बातों का रखें ध्यान

यदि आपका वाई-फाई बार-बार डिस्कनेक्ट हो रहा है या अचानक कोई नया समान नाम वाला नेटवर्क दिखाई दे, तो तुरंत सतर्क हो जाएं। किसी भी अनजान वाई-फाई से कनेक्ट होने के बाद बैंकिंग ऐप, ई-वॉलेट या सोशल मीडिया में लॉगिन करने से बचें। ओटीपी, पासवर्ड या किसी भी प्रकार की गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें तथा साइबरक्राइम.जीओवी.इन पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। एसपी मीणा ने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता और सतर्कता है। थोड़ी सी सावधानी बड़े नुकसान से बचा सकती है।

## एसबी-89 स्कीम के तहत जिले के 12 किसानों को मिला 36 लाख का अनुदान

- ऑनलाइन ड्रॉ के माध्यम से किया गया किसानों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। अनाजमंडी में किसानों के ट्रैक्टरों का भौतिक सत्यापन करते अधिकारी।

शुक्रवार को जिला स्तरीय कमेटी की ओर से अनाजमंडी स्थित किसान भवन में अनुसूचित जाति के किसानों को एसबी-89 स्कीम के तहत अनुदान पर उपलब्ध कराए गए। जिले के 12 किसानों को 36 लाख रुपए अनुदान का लाभ दिया जाएगा। उप कृषि निदेशक डा. जितेन्द्र अहलावत ने बताया कि कृषि विभाग हरियाणा की ओर से अनुसूचित जाति के किसानों स्कीम के तहत ट्रैक्टरों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराने के लिए 15 जनवरी तक विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। इसके उपरांत दिनांक 18 फरवरी को उपायुक्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक में अनुदान उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाईन ड्रॉ के माध्यम से किसानों का चयन किया गया था। अंतिम तिथि 17 मार्च तक जिले के 12 किसानों की ओर से ट्रैक्टर के बिल व अन्य दस्तावेज विभागीय पोर्टल पर अपलोड किए गए।

### किसानों को मुआवजा दे प्रदेश सरकार: राव नरेंद्र

**नारनौल।** हरियाणा में हाल ही में हुई बेमौसम बरसात ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने प्रभावित क्षेत्रों, विशेषकर नारनौल एवं दक्षिण हरियाणा के विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों की फसलों का जायजा लिया। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि असमय बारिश ने रबी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि पहले से ही बढ़ती महंगाई और लागत के बोझ तले दबे किसानों पर यह प्राकृतिक मार किसी बड़ी आपदा से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि किसान इस समय दोहरी मार झेल रहा है, एक ओर खेती की बढ़ती लागत व दूसरी ओर प्राकृतिक आपदाओं का प्रहार है।

## समाधान शिविर की लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटान करें अधिकारी: डीसी

- प्रधान सचिव ने वीसी के माध्यम से उपायुक्तों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। समाधान शिविर की शिकायतों की समीक्षा बैठक करते डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को समाधान शिविर में आई शिकायतों को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। डीसी ने कहा कि किसी भी विभाग में अधिक समय तक शिकायत लंबित न रहे। शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करें। इससे पहले हरियाणा सरकार में श्रम और युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल में आई शिकायतों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी मीणा ने कहा कि समाधान शिविर के साथ ही जनसेवा के लिए सरकार के ऑनलाइन पोर्टल का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है और लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान मुहैया कराना है। बैठक में एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेंद्र कुमार आदि रहे।

## किसान फसल चक्र में बदलाव कर सुधार सकते हैं खेत की सेहत : नवीन

- कृषि अधिकारी गांव-गांव जाकर किसानों को कर रहे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली



नवीन कुमार।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने किसानों से पारंपरिक खेती से थोड़ा अलग हटकर फसल विविधीकरण को अपनाने का आह्वान किया है, जिससे खेत की मिट्टी और पानी की सेहत में सुधार हो सके। खंड कृषि अधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देने के लिए कृषि विभाग के माध्यम से विशेष कार्यक्रम चला रही है, जिसके अंतर्गत कृषि विकास अधिकारी गांव-गांव जाकर किसानों को गर्मी के मौसम में ढैंचा, मूंग, उड़द, सोयाबीन, ग्वार, अरहर, मोठ व लोबिया की बिजाई के लिए प्रेरित कर रहे हैं। फसल चक्र में परिवर्तन किए जाने से खेत में मृदा स्वास्थ्य व जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। कृषि विभाग ने जिले को फसल विविधीकरण के लिए 15 हजार एकड़ का लक्ष्य दिया है। बीएओ नवीन कुमार ने बताया कि किसान 15 अप्रैल तक मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल विविधीकरण का पंजीकरण करा सकते हैं।

## 'खुश मुंह, खुश जिंदगी रही' विषय पर छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

- दांतो की नियमित सफाई व जांच के महत्व पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने की शपथ दिलाते हुए।

विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर गांव गंगायचा अहीर स्थित राजकीय माध्यमिक पाठशाला में शुक्रवार को मुख स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम खुश मुंह, खुश जिंदगी रही, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कैंप का संचालन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंगायचा अहीर की दंत चिकित्सक डा. मंजू रानी ने किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मुख स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी देते हुए दांतों की नियमित सफाई और जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। डा. मंजू रानी ने विशेष रूप से मुख कैंसर के कारणों और उसके बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन मुख कैंसर का मुख्य कारण है। इस अवसर पर स सुखबीर सिंह, सुनील कुमार, वीरेंद्र सिंह, जयवीर सिंह, सतीश यादव, रेखा यादव व मंजू उपस्थित रही।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पर छात्रों को किया जागरूक

**रेवाड़ी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को गांव बिठवाना के पीएम श्री विद्यालय में कानूनी जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ के न्यायाधीश एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिबल तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के सदस्य सचिव जगदीप सिंह के निर्देशानुसार जागरूकता कैंप आयोजित किया । इस मौके पर सीजेएम अमित वर्मा ने विद्यार्थियों तथा स्टाफ को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में बताया तथा पॉक्सो एक्ट की भी जानकारी दी। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी विजेंद्र हुड्डा, डीईईओ प्रदीप दहिया, प्राचार्य डा. दुष्यंत, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रदीप व महिंद्रा से अमित संगी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद सीजेएम व अन्य सदस्य।

### आईजीयू में एनएसएस शिविर का समापन, सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक हुए सम्मानित

# एनएसएस छात्रों में अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी करता विकसित : प्रो. सुनील

**स्वयंसेवकों ने स्वर्ग लोक आश्रम में अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मीरपुर




रेवाड़ी। एनएसएस शिविर के समापन पर स्वयंसेवकों को सम्मानित करते अतिथि।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। शिविर के अंतिम दो दिनों में विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने स्वर्ग लोक आश्रम में अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर डा. विक्रांत कौशल ने खाद्य संसाधनों की कमी एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। प्रो. रविंद्र ने आवश्यकताओं की श्रेणी तथा जीवन में कॉन्फिडेंस, कम्युनिकेशन, कमिटमेंट और कंसिस्टेंसी पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों का करियर निर्माण के लिए मार्गदर्शन दिया। डा. सुनील ने अधिकार, कर्तव्य एवं अनुच्छेद 13 से 18 पर जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। डा. सतेंद्र ने बालिका शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। डा. सीएस वर्मा प्रभाकर ने सकारात्मक दृष्टिकोण, अनुशासन व समय प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर सतीश राजोतिया भी मौजूद थे।

#### स्वयंसेवकों को किया गया सम्मानित

शाम के सत्र में स्वयंसेवकों ने गांव तुर्कियावास गांव में स्वच्छता, जल संरक्षण एवं नशा मुक्ति पर आधारित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। इसके बाद संगीत संध्या में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर सुनील कुमार ने कहा कि एनएसएस का मंच विद्यार्थियों में सेवा भाव, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करता है। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डा. मुकेश कुमार ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर करण सिंह और प्रोफेसर दीपक गुप्ता डीन ऑफ कॉलेज ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। लड़कों में सर्वश्रेष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक योगेश, पुष्पेंद्र, युवराज व तरुण तथा लड़कियों में अंजली, ऋतु, मुनेश और प्रियंका को पुरस्कार प्रदान किए गए। सर्वश्रेष्ठ कोर लीडर का पुरस्कार रजत तथा सर्वश्रेष्ठ लीडर का पुरस्कार यदवेंद्र व दिव्या को दिया गया। पूर्व एनएसएस स्वयंसेवक आशीष, अंकित, हेमंत, रजत, अभिमन्यु व जितेंद्र ने शिविर के संचालन में योगदान दिया। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रियंका रंगा, डा. अनीता यादव, डा. अमनदीप और डा. संदीप यादव ने सहयोग दिया।

### बारिश से रबी फसलों को भारी नुकसान: बलबीर

**नारनौल।** तेज हवा और बारिश से प्रदेश के विभिन्न जिलों में सरसों एवं गेहूं की फसलों को हुए भारी नुकसान पर किसान संगठन ने गहरी चिंता व्यक्त की है और प्रदेश सरकार से तत्काल प्रभाव से किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। किसान संगठन के किसान नेता कामरेड बलबीर सिंह ने जारी बयान में बताया कि हाल ही में आई तेज आंधी और बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है।

**NOTICE**

I, HARISH YADAV S/O SATPAL YADAV R/O NANGAL PATHANI (101), KOSLI, REWARI, HARYANA-123302, declare that I have changed the name of my minor daughter BABY ONE OF SANGEETA, born on 16-09-2020 to MEERA YADAV for all future purposes and henceforth she shall be known as MEERA YADAV.

### अब चाय की चुस्की हुई महंगी, एक कप चाय की कीमत पांच रुपये तक बढ़ी

# पहले दिन निकली हेल्पलाइन नंबर की हवा, कुकिंग गैस की कालाबाजारी बढ़ी

चाय की स्टॉल चलाने वालों को 3 हजार रुपये तक में मिल रहे सिलेंडर, चाय के रेट 10 रुपये से बढ़ाकर किए 15 रुपये तक

- किसी ने अटैंड नहीं किया विभाग का हेल्पलाइन नंबर




रेवाड़ी। इंडियन गैस एजेंसी पर सिलेंडर रिफिल कराने के लिए खड़े लोग तथा भारत गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेते लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एलपीजी की कमी को देखते हुए पैनिक बुकिंग का सिलसिला मंद पड़ चुका है, लेकिन घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी जोर पकड़ने लगी है। चाय की दुकान चलाने वाले लोगों को 3 हजार रुपये तक में सिलेंडर मिलने लगे हैं, जिससे चाय के रेट बढ़ाकर 15 रुपये तक प्रति चाय कर दिए हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1274-225214 जारी किया गया। इस नंबर पर शुक्रवार को कई बार प्रयास करने के बावजूद किसी ने फोन नहीं उठाया। अमेरिका-इजराइल व ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बाद लगभग एक सप्ताह तक गैस की कमी को लेकर लोगों में पैनिक बना रहा था। इसके लिए गैस उपभोक्ताओं ने अपने पास उपलब्ध सिलेंडरों को रिफिल कराने के लिए मारामारी शुरू कर दी थी। एक सप्ताह तक गैस की ज्यादा मारामारी देखने को मिली थी। सरकार की ओर से बुकिंग की समय सीमा बढ़ाने और बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के सिलेंडर रिफिल हो जाने के बाद एजेंसियों पर ग्राहकों की भीड़ गायब होने लगी है। गैस को लेकर शुरू हुई मारामारी समाप्त हो चुकी है। कमर्शियल सिलेंडरों का वितरण भी सीमित कर दिया है। इसके लिए जिले में रोजाना 200 सिलेंडरों का आवंटन निर्धारित किया गया है। यह सिलेंडर सिर्फ अस्पतालों, शिक्षणा संस्थाओं व हॉस्टलों के साथ-साथ शादी समारोह के लिए आवंटित किए जा रहे हैं। इसके लिए सिलेंडर लेने वालों को फॉर्म भरने के बाद जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय में जमा कराना होता है। डीसी की अध्यक्षता वाली कमेटी सिलेंडर वितरण पर निर्णय लेती है, जिसके आधार पर सिलेंडरों का आवंटन होता है।

#### कालाबाजार करने वालों पर नजर

गैस की कालाबाजारी करने वालों पर विभाग की पैनी नजर है। लगातार विभागीय अधिकारी स्थिति का जायजा ले रहे हैं। हेल्पलाइन पर फोन अटैंड करने वाले कर्मचारी को भी अलर्ट कर दिया गया है। अब फोन उठाने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।
-नितिश कुमार सिंगला, डीएफएससी।

#### जमाखोर कमा रहे पैसा

एक से अधिक घरेलू सिलेंडर रिफिल कराकर स्टॉक कर चुके लोग अब इनकी कालाबाजारी से मोटा पैसा कमा रहे हैं। छोटे ढाबों और चाय की दुकानों में ज्यादातर घरेलू गैस सिलेंडरों का ही इस्तेमाल होता है। वैसे भी कमर्शियल सिलेंडर मिलने बंद होने के बाद घरेलू सिलेंडर ही दुकानदारों के लिए विकल्प साबित हो रहे हैं। मजबूरी में दुकानदार इन सिलेंडरों को छुपाकर इस्तेमाल कर रहे हैं। कई दुकानदारों ने बताया कि अब यह सिलेंडर 3 हजार रुपये तक में मिल रहे हैं, जिससे मजबूरी में उन्हें चाय के दाम बढ़ाकर 15 रुपये प्रति कप कर दिए हैं।

#### विभाग की टीमें कर रही छापेमारी

गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीमें लगातार छापेमारी करने में लगी हुई हैं। गैस एजेंसियों के स्टॉक की नियमित जांच की जा रही है, ताकि इनके अवैध भंडारण और बिक्री पर रोक लगाई जा सके। विभाग की ओर से हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। कालाबाजारी की सूचना 01274-225214 पर कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक की जा सकती है। यह बात और है कि पहले ही दिन इस नंबर पर कई बार फोन करने के बावजूद किसी ने फोन अटैंड नहीं किया।

## एससीईआरटी ने सीहा स्कूल में वीडियोग्राफी उपलब्धियों और नवाचारों को किया रिकॉर्ड

- विद्यालय की विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के संदर्भ में कथन रिकॉर्ड किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एससीईआरटी गुरुग्राम की ओर से प्रदेश के स्कूल लीडरशिप कार्यक्रम के अंतर्गत डाइट हुसैनपुर की देखरेख में जिले के गांव सीहा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की दैनिक रचनात्मक गतिविधियों, शैक्षणिक नवाचारों तथा विशिष्ट उपलब्धियों की वीडियोग्राफी गई। कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक, सांस्कृतिक तथा खेलकूद के क्षेत्र में नवाचार की विशिष्ट उपलब्धियां दर्ज करने वाले प्रदेश के प्रत्येक जिले के एक विद्यालय को चुना गया है। कार्यक्रम के तकनीकी विशेषज्ञ एवं डाइट हुसैनपुर के प्राध्यापक दीपक कुमार ने बताया कि वीडियोग्राफी कार्यक्रम में प्रार्थना सभा, सदन प्रारूप, अध्ययन-अध्यापन पक्ष, सभी प्रयोगशालाओं, मिड-डेमील, पार्क, खेल नर्सरी, साइंस क्लब, गणित क्लब, बालिका मंच, योग क्लब, खेल क्लब, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, कानूनी साक्षरता क्लब व इको क्लब की बहुआयामी गतिविधियों के अलावा शिक्षकों, विद्यार्थियों, स्कूल प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत तथा अभिभावकों के विद्यालय की विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के संदर्भ में कथन रिकॉर्ड किए गए हैं।



रेवाड़ी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा का पार्क। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। स्कूल की कबड्डी टीम के साथ टीम व प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

#### अभिभावक ने अपने विचार सांझा किए

विद्यालय में गत कुछ वर्षों से किए गए कुछ नवाचारों तथा राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय उपलब्धियों को इस प्रारूप में शामिल किया गया है, जिसमें प्रिंसिपल ऑफ द डे, एक पेन रोज, एक फोन रोज, दैनिक खड़क, साप्ताहिक बाल सभा, मासिक प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह के अलावा विज्ञान संकाय में जिला टॉपर उपलब्धि, युवा संसद में राज्य स्तर पर उपविजेता, कबड्डी तथा एथलेटिक्स की खेल नर्सरी की विशिष्ट उपलब्धियां, विज्ञान प्रदर्शनी, कला उत्सव, कानूनी साक्षरता में निरन्तर उत्कृष्टता व दो वर्ष में करीब दो करोड़ के विकास कार्य शामिल हैं। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर, सरपंच सरिता यादव, स्कूल प्रबंधन समिति व युवा चेतना संगठन के सदस्य, अनेक अभिभावक तथा सभी स्टाफ सदस्यों ने अपने विचार व अनुभव सांझा किए। उन्होंने बताया कि करीब 4 घंटे की इस वीडियोग्राफी को करीब दस मिनट की डॉक्यूमेंट्री के रूप में तैयार करके एससीईआरटी तथा एनसीईआरटी के स्कूल लीडरशिप पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। विद्यालय की इस विशिष्ट उपलब्धि पर महंत नरोत्तम दास महाराज, जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र सिंह हुड्डा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार दहिया, डीपीसी संतोष तंवर, खंड शिक्षा अधिकारी अशोक नांदल, प्रदेश सरकार के एमिनेंट पर्सन एवं सीहा के पूर्व सरपंच विक्रम पांडे, सरपंच सरिता यादव, सामाजिक कार्यकर्ता नरेश भारद्वाज, प्रदीप यादव, लेखक यशपाल आर्य, सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक रामकुमार यादव, नरेश प्रधान, नरबीर प्रधान व पूर्व पंच हनुमान ने बधाई दी है।

## भिवानी-ढेहर का बालाजी सवारी गाड़ी के सुधराना स्टेशन पर ठहराव की मांग

- क्षेत्र की एक दर्जन ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने रेलमंत्री को भेजा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

सुधराना रेलवे स्टेशन के आसपास के एक दर्जन ग्राम पंचायतों ने कोसली के विधायक अनिल यादव के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर गाड़ी संख्या 14705 भिवानी से ढेहर का बालाजी व गाड़ी संख्या 14706 ढेहर का बालाजी से भिवानी का सुधराना रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराने की मांग की है। सुधराना, जुड्डी, लिलोढ, गोरिया, झासवां कलां, धनिरवास, ढाणा, साल्हावास, साल्हावास की ढाणी, नाहड़ और कोहारड़ गांवों की ग्राम पंचायतों ने रेल मंत्री को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि सुधराना स्टेशन से लगभग एक दर्जन गांवों के लोग यात्रा करते हैं। सुधराना रेलवे स्टेशन रेवाड़ी से 34 किलोमीटर की दूरी पर है। कुछ समय पूर्व गाड़ी संख्या 14725 भिवानी से मथुरा का सुधराना रेलवे स्टेशन पर पहुंचने का समय सुबह 5:45 बजे का था। इस गाड़ी में प्रतिदिन यात्रा करने वाले नौकरी पेशा लोगों को रेवाड़ी, पटौदी रोड, गुरुग्राम, दिल्ली तथा जयपुर साइड जाना होता था, जिनको रेवाड़ी से दूसरी गाडियां आसानी से मिल जाती थी, बाद में उक्त गाड़ी के समय पर गाड़ी संख्या 14705 भिवानी से ढेहर का बालाजी चला दी गई और इस गाड़ी का सुधराना रेलवे स्टेशन पर ठहराव नहीं दिया गया। गाड़ी संख्या 14725 भिवानी से मथुरा का समय सुबह 5:45 से बदलकर 6:45 कर दिया गया।

## ग्रामीणों को नशा, साइबर अपराध और ट्रैफिक नियमों को लेकर किया जागरूक

नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने शुक्रवार को गांव महेश्वरी व गुर्जर घटाल में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर आपराध से बचाव व ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर टीम के इंचार्ज निरीक्षक रामपाल ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। उन्होंने ग्रामीणों से अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। नशा मुक्ति टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी व पासवर्ड आदि हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। साइबर ठगी होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

#### ग्रामीणों को यातायात नियमों की दी जानकारी

ग्रामीणों को यातायात नियमों की भी जानकारी भी दी गई। पुलिस टीम ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना जरूरी है। हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग और यातायात संकेतों का पालन हमारी सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। पुलिस टीम ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या आपातकालीन स्थिति हो तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दें। उन्होंने कहा कि नशा गतिविधियों की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें। उन्होंने ग्रामीणों ने नशा और साइबर अपराधों से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

## रामनिवास बेनीवाल बने हरियाणा सिंचाई विभाग लिपिकीय संगठन के जिला प्रधान

रेवाड़ी। शुक्रवार को हरियाणा सिंचाई विभाग लिपिकीय संगठन की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर संगठन के राज्य प्रधान विकास कुमार, राज्य महासचिव प्रवीण खटक एवं चुनाव ऑब्जर्वर हितेश कुमार की उपस्थिति में जिले की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। रामनिवास बेनीवाल उप अधीक्षक को सर्वसम्मति से जिले का प्रधान नियुक्त किया गया। इनके अलावा प्रदीप कुमार, लेखा लिपिक को उपप्रधान तथा अमीन कुमार उपमंडल लिपिक को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। आनंद कुमार लिपिक को कोषाध्यक्ष बनाया गया। विजयलता उपमंडल लिपिक को जिला महिला अध्यक्ष, सुनिता यादव उपमंडल लिपिक को उपसचिव तथा इन्द्रजीत सिंह उपअधीक्षक, सुनील यादव उपअधीक्षक व हरविंदर यादव उपअधीक्षक को वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया गया, जबकि रमन कुमार लिपिक को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर राज्य प्रधान विकास कुमार ने लिपिकीय वर्ग को एकजुट रहने, आपसी तालमेल बढ़ाने सहित ग्रुप बीमा योजना के महत्व की जानकारी दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

## राम नवमी पर 200 से अधिक महिलाओं की भागीदारी के साथ निकाली जाएगी कलश यात्रा

- राम नवमी पर कैलाशपुर में धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाटूसाना



जाटूसाना। कैलाशपुर स्थित श्री रामचन्द्र सर्वदेव मंदिर। फोटो : हरिभूमि

रामनवमी के अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र सर्वदेव मंदिर कैलाशपुर जाटूसाना में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शिव राम सेवा संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन रामकिशन ने बताया कि दिनभर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन से होगी। इसके उपरांत 200 से अधिक महिलाओं की भागीदारी के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। प्रसिद्ध कलाकार महाशय अमित चौधरी एवं उनकी पार्टी की ओर से रागिनी कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों के पुजारियों को का सम्मान किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। शिव राम सेवा संस्थान के संयोजक डा. टीसी राव ने बताया कि इस पावन अवसर पर महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम से रोटरी क्लब की विशेषज्ञ टीम स्तन कैंसर की निःशुल्क जांच कराएंगी। दंत चिकित्सा शिविर में गुरुग्राम से आए विशेषज्ञ डॉक्टर जांच करेंगे। रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

## भाविप शाखा ने धूमधाम से मनाया हिंदू नव वर्ष, दीयों से रोशन किया शिव चौक

- हवन करना पर्यावरण के लिए भी बहुत फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। हिंदू नव वर्ष पर आईटीआई में हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद शाखा की ओर से हिंदू नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया। शाखा की ओर से गवर्नमेंट महिला आईटीआई व मॉडल टाउन स्थित शिव चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पटौदी रोड स्थित गवर्नमेंट महिला आईटीआई मे शांति और उन्नति के प्रतीक हवन का आयोजन किया गया। आचार्य दयारामआर्य ने वैदिक परंपरा से हवन सम्पन्न कराया। इस मौके पर आईटीआई की प्रिंसिपल सहित सभी अध्यापक व विद्यार्थी मौजूद थे। इस मौके पर भारत विकास परिषद् के प्रांतीय संयोजक मुकेश सैनी ने कहा कि हवन करना पर्यावरण के लिए भी बहुत फायदेमंद है। शाखा की ओर से शाम के समय शिव चौक मॉडल टाउन को बैलून व फूलों से सजाया गया और सभी सदस्यों व प्रबुद्धजनों ने 51 दीपक प्रज्जवलित किए। आचार्य दिलीप शास्त्री ने भगवान शिवशंकर के आरती कराई और हिंदू नववर्ष के बारे में बताया। कार्यक्रम में दिनेश सैनी शाखा अध्यक्ष, राम किशोर सैनी सचिव, प्रेम मेहंदीरत्ता कोषाध्यक्ष, हुक्म चन्द प्रजापत, योगेश शर्मा, डा. दीपक सैनी, जगमोहन अग्रवाल, नितिन गोयल, कृष्ण कुमार व कार्यक्रम संयोजक राकेश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260


**मौसम** लगभग एक सप्ताह परिवर्तनशील बना रहेगा मौसम, आज भी बादलों के साथ बूंदाबांदी की संभावना

# सावन जैसी झड़ी लगाकर बरसे बदरा तापमान गिरने से ठंडा हुआ मौसम



रेवाड़ी। शुक्रवार सुबह आई बरसात से अनाजमंडी में भीगती सरसों की बोरियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। डीआरओ के नाम लिखा गया वायरल लेटर व शुक्रवार सुबह आई बरसात के बाद बावल रोड पर जमा पानी।

मौसम में आए बदलाव के चलते तीसरे दिन भी घंटों रुक-रुककर बारिश होती रही। दोपहर तक सावन जैसी झड़ी लगी, लेकिन शाम तक आसमान साफ हो गया। तापमान में लगातार गिरावट आने से फरवरी के शुरूआती दिनों जैसा ठंडा मौसम बन गया। पंखे तक चलने बंद हो गए। लगभग एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। इसके बाद ही आसमान पूरी तरह साफ होगा। जिले में तीन दिन में औसत 30 एमए तक बारिश होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मध्यम वर्ग के पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बीते बुधवार की शाम से मौसम में अचानक बदलाव आया था। तेज आंधी के साथ बारिश और ओले गिरने से फसलों को काफी नुकसान हुआ था। वीरवार को एक बार फिर अच्छी बारिश हुई, जबकि शुक्रवार को सुबह से ही हल्की बरसात शुरू हो गई। दोपहर तक बारिश की झड़ी लगी रही। अधिकतम तापमान 2.0 डिग्री गिरकर 22.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 1.0 डिग्री की गिरावट के साथ 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर बढ़कर 80 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि हवा की गति 10 किमी प्रति घंटा दर्ज की गई।

#### एक सप्ताह बाद साफ होगा मौसम

मौसम विभाग का अनुमान है कि लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। शनिवार को भी आसमान में बादलों के बीच हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। इस दौरान ओलावृष्टि से भी इनकार नहीं किया जा सकता। मौसम का मिजाज ठंडा पड़ने के बाद बिजली की खपत काफी कम हो गई है। यह 60 यूनिट से भी नीचे आ गई है। आंधी के बाद बाधित हुई बिजली व्यवस्था को सुचारू किया जा चुका है।

#### वायरल हो रहे पत्र ने बढ़ाई टेंशन

शुक्रवार को एक पत्र सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। तहसीलदार की ओर से डीआरओ को प्रेषित पत्र में लिखा गया है कि बारिश और ओलावृष्टि के बाद फसलों का सर्वे कराया गया है। रेवाड़ी तहसील में किसी भी फसल को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इसके विपरीत कई गांवों में बारिश और आंधी के कारण किसानों की फसल जमीन पर गिर गई है, जिससे काफी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।